'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2017-18
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 30.04.2017
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी–22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन : 23354841–42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 20 ● अंक 11 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 16 से 30 अप्रैल, 2017

14 अप्रैल, 2017 को 'दैनिक जागरण' एवं 'नवभारत टाइम्स' में प्रकाशित लेख

राजनीति में अम्बेडकरवादी विचारधारा

डॉ. अम्बेडकर का मूल दर्शन देखें तो वह भारत में जातिविहीन समाज की स्थापना करना चाहता है इस निष्कर्ष पर पहुंचने के पीछे दलित–पिछड़े की सामाजिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक परिस्थिति ही नहीं बल्कि भारत का लगभग 2000 वर्ष पुराना इतिहास रहा है। बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर को अध्ययन करने से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि अगर भारत बार–बार पराजय का सामना करता रहा तो उसके पीछे समाज का हजारों जातियों में बंट जाना। देश की रक्षा की जिम्मेदारी एक विशेष जाति को दी गयी और शेष से जैसे कोई मतलब ही न रहा हो। कभी–कभी यही शेष जातियां आक्रमणकारियों का साथ देने में कोई संकोच नहीं करती थी क्योंकि बंधुत्व का अभाव था।

कोई भी राजनैतिक दल स्वीकार नहीं करेगा कि वह जाति से ऊपर नहीं उठा है। सुविधानुसार जाति का प्रयोग सभी करते हैं फर्क है, तो तरीके में। यह भी इतनी आपत्तिजनक बात नहीं है जितना कि डॉ. अम्बेडकर के मूल दर्शन को आधार मान कर और फिर जात–पात करना। जब चुनाव के समय उम्मीदवारों से प्रतिवेदन मंगाए जाते हैं, तब की स्थिति को अगर जान लिया जाये तब समझ में बात आएगी कि चुनाव लड़ने वाले की जाति ही प्रमुख होती है। यदि उनके बायो–डाटा को पढ़ लिया जाये तो शत–प्रतिशत मामलों में जाति समीकरण को पक्ष में ही समझाने का प्रयास किया जाता है। नेता भी साक्षात्कार के समय जाति को केंद्र मान कर के उम्मीदवारी का मूल्यांकन करते हैं। तह में जाति और सतह पर विचार, सिद्धांत, विकास यही है राजनीति । देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती कि कब हम तह से इस दैत्य के प्रभाव को कम कर सकेंगे। जब तक ऐसा होता नहीं तो हम चीन, कोरिया जैसे विकसित देशों के कतार में खड़े नहीं हो सकते। हो सकता है कुछ लोगों को यह बात अर्थहीन लगे लेकिन यह अकाट्य सत्य है। यह अकाट्य सत्य इसलिए है कि इसका प्रभाव शासन–प्रशासन पर ही नहीं बल्कि सोच पर पड़ता है, बिना सोच के आज तक दुनिया में कोई देश और समाज न विकसित हो पाया है और न ही खुशहाल। वैसे तो गुजारा हो ही जाता है ।

अम्बेडकरी विचारधारा पर लाखों सामाजिक संगठन हैं जो जाति का निषेध करते तो हैं लेकिन चेतन एवं अचेतन अवस्था में जातीय संकीर्णता से मुक्त नहीं हो पाए हैं। राजनैतिक दल नाम मात्र के हैं और बड़े अस्तित्व वाली कोई पार्टी है तो वह है बहुजन समाज पार्टी। ''बहुजन–हिताय, बहुजन – सुखाय'' भगवान गौतम बुद्ध के मूल मन्त्र को बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर ने अपनाया। यह समता का द्योतक है। इसी को आधार मानते हुए बहुजन समाज पार्टी का निर्माण हुआ। सभी दलित– पिछड़े जातियों को जोड़ने का यही आधार बनाया। प्रशिक्षण शिविरों, सभा और सम्मेलनों में कहा जाने लगा कि अब बहुजनों को इकठ्ठा होकर अपनी हुकूमत लेनी है। ''जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी भागेदारी'' का नारा बहुत आकर्षित किया। दुश्मन को दिखाकर इकठ्ठा करने की भी रणनीति बनी। जैसे सवर्णों के प्रति तीखे बोल। शुरुआत के दौर में न केवल दलित जातियां बल्कि पिछड़ी जातियां भी तेजी से जुड़ीं। धीरे–धीरे कारवां बनता गया और लोग जुड़ते गए। वह भी दिन आया जब सत्ताधारी बन गए ।

सत्ता में आते ही वही सारे अवगुण और दोष आने लगे जो और जगहों पर होते हैं। एक विशेष जाति जिससे सुश्री मायावती स्वयं हैं उन्होंने पूरे संगठन पर कब्जा कर लिया। सर्वजन चेहरा बनाये रखने के लिए प्रतीकात्मक रूप से कुछ ब्राह्मण और कुछ अल्पसंख्यक को चेहरा बना लिया। इसी प्रक्रिया में अति पिछड़ी और गैर जाटव–चमार दलित छूटते और बिछड़ते चले गये। मंच पर एक कुर्सी जैसे कि सुश्री मायावती स्वयं एक साम्राज्ञी हों। सामाजिक एवं राजनितिक प्रक्रिया में नित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संवाद का न होना, उनके हाथों और

दिल्ली परिसंघ द्वारा संसद मार्ग पर मनायी गयी डॉ. अम्बेडकर जयंती

14 अप्रैल को विश्व के सर्वोच्च सम्मानित हमारे संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की 126वीं जंयती ऑल इंडिया परिसंघ (दिल्ली प्रदेश) द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण ने परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज जी का आभार व्यक्त किया व दिल्ली परिसंघ की टीम व परिसंघ की महिला टीम को धन्यवाद दिया।

इस कार्यक्रम में बाबा साहेब के द्वारा पूरे विश्व में मानव जाति के उद्धार के लिए व भारत में शोषित समाज को अधिकार दिलाने के लिए बाबा साहेब द्वारा किये गए कार्यो से लोगों को अवगत करवाया ।

इस मौके पर परिसंघ अध्यक्ष श्री सत्या नारायण ने कहा कि ऑल इंडिया परिसंघ डॉ. उदित राज जी के नेतृत्व में शोषितों को अधिकार दिलाने के लिए दिन–रात लड़ाई लड़ रहे है। डॉ. उदित राज जी सड़क से लेकर संसद तक संघर्षरत् हैं, उन्होंने सरकारी कर्मचारियों के लिए तीन महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन कराये। 1997 से लेकर आज तक अनुसूचित जाति व जनजाति से संबंधित अनेक मांगो को उठाया व मनवाया है। डॉ. बाबा साहेब ने आने वाले भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए निजी क्षेत्र में दलितों को आरक्षण हेतु निजी बिल संसद के पटल पर रख दिया है। आप

(शेष पृष्ठ 3 पर)

डॉ. अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सत्यनारायण, भानु पुनिया, रवीन्द्र सिंह, आर.एस. हंस के साथ दिल्ली प्रदेश परिसंघ के अन्य साथी

एक नए समाज का निर्माण

बद्री नारायण

भारतीय समाज एक ऐसे संक्रमण के दौर से गुजर रहा जिसमें बहुल आवाजें अपनी-अपनी पुकार अपने-अपने ढंग से लगा रही हैं

भारतीय समाज और राजनीति के लिहाज से 1990 के दशक के अंत में एक बड़ी घटना घटित हुई। यह घटना मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू किए जाने के तौर पर सामने आई थी। इस घटना ने समाज में एक उबाल सा ला दिया था। समुद्र मंथन की तरह का एक सामाजिक मंथन हुआ, जिसमें अमृत भी निकला और विष भी। अमृत और विष का प्रतीक इसकी पक्षधर और विरोधी शक्तियां बनीं। मंडल आयोग की सिफारिशों के लागू होने के बाद समाज में जहां पिछड़ी और दलित जातियों में आगे बढ़ने का नया विश्वास पैदा हुआ वहीं इसके विरुद्ध में खड़ी सामाजिक ताकतों में निराशा का भाव पैदा हुआ। समाज एक तरह से दो भागों में बंट गया। इसे यूं भी कह सकते हैं कि वह कई भागों में विजित हो गया। जातियों में आपसी कलह, टकराहट, हिंसा एवं संघर्ष का सामाजिक भाव पैदा हुआ। इस प्रकार इससे अमृत और विष दोनों निकले। भारतीय समाज की पिछड़ी और दलित जातियों के लिए अमृत के रूप में एक नई आस पैदा हुई। उनकी नई राजनीति विकसित हुई। उनकी अस्मिता बलवती हुई परंतु इसी के साथ धीरे-धीरे पिछड़ों एवं उपेक्षित सामाजिक समूहों में एक क्रीमीलेयर बनने लगी। यह एक प्रकार से इन समूहों के लिए अपने ही नाभिकुंड में विष के निर्माण की प्रक्रिया का गतिमान होना था। यह क्रीमीलेयर न केवल क्रीमीलेयर बना रहा, बल्कि वह इन समूहों में ऐसे शंकुलों में बदल गया जो दूसरों के हिस्से के शहद एवं अमृत को अपने में शोषित करते जा रहे थे। इस सिलसिले में अंबेडकर की बात याद करें तो ऐसे लोग अपने ही समाज को 'पे बैक' नहीं करते। सामाजिक प्रक्रिया में एक और घटना यह घटी कि इन समूहों में जो लोग आरक्षण व्यवस्था का लाभ उठाने में अक्षम रहे उनमें अपने ही समाज के सहजातीय 'अभिजात्य' एवं क्रीमीलेयर्स के प्रति ईष्या का भाव भी पैदा हुआ। चूंकि जिस अभिजात्य के प्रति उनमें द्वेष भाव पैदा हुआ वही अभिजात्य उनकी राजनीति भी कर रहा था इसलिए उसके खिलाफ उसी समाज के एक भाग की गोलबंदी की संभावना बनी। इसका ही लाभ पिछले चुनाव में भाजपा को मिला। मंडल राजनीति ने 'जातीय अस्मिता' की राजनीति को मजबूत किया। मुलायम सिंह यादव, लालू यादव, शरद यादव, नीतीश कुमार, कांशीराम, मायावती इत्यादि 'अस्मिता' की मंडल राजनीति जनित माहौल एवं खाद-पानी की ही पैदाइश रहे। इनमें से कई ने बाद में सर्वसमाज और विकास जैसी राजनीतिक भाषा से अपने को जोड़ा, परंतु उनका आधार जातीय अस्मिता पर आधारित रहा। मंडल ब्रांड राजनीति ने मंडल स्मृति पैदा की। इसको जगाकर पिछड़ी एवं दलित जातियों के एक बड़े भाग को जोड़ा जा सकता था, लेकिन मंडल की काट में कमंडल की राजनीति विकसित हुई। उत्तर प्रदेश के हालिया विधानसभा चुनावों के नतीजों से यह जाहिर होता है कि 'पोस्ट मंडल' सामाजिक गठबंधन की शुरुआत हो चुकी है। इसमें उपेक्षित समूह अपने ही अभिजात्य के खिलाफ जातीय आह्वान से पृथक होकर वोट देते दिखा। ऐसा लगता है कि मंडल की स्मृति अब धुंधली होने लगी है। उसे जगाने एवं फिर से उकेरने के लिए जो नेतृत्व पिछड़ी एवं दलित जातियों में था वह या तो इस स्मृति को ठीक से जगा नहीं पाया या यूं कहें कि उसे बिहार में लालू यादव की तरह प्रभावी राजनीति में बदल नहीं पाया। उत्तर प्रदेश में 'एक नया समाज' बन रहा है जो पोस्ट मंडल समाज है जिसमें न मंडल आधारित राजनीति प्रभावी दिख रही है और न ही कमंडल आधारित राजनीति। उत्तर प्रदेश चुनाव में गोलबंदी के लिए जहां रामजन्म भूमि की स्मृति कहीं-कहीं इस्तेमाल होती रही वहीं शमशान-कब्रिस्तान जैसे मुद्दे भी देखने-सुनने को मिले, परंतु इन दबे-छिपे मुद्दों के ऊपर महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों की 'वर्गीय गोलबंदी' भी बनती दिखाई पड़ी। रोचक यह है कि इस जाति मुक्त सामाजिक समूह में पहले वामपंथियों एवं सामाजिक विमुक्ति के एजेंडे पर काम करती कांग्रेस से लाभन्वित होने की आकांक्षी थी। अब वह 'राइटिस्ट' कही जाने वाली भारतीय जनता पार्टी की ओर आशा से देख रहा है। उत्तर प्रदेश में मुस्लिम महिलाएं जिस तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास अपनी तलाक संबंधी समस्याओं को लेकर पहुंच रही हैं क्या उससे यह जाहिर नहीं होता कि 'तीन तलाक' जैसे मुद्दों ने मुस्लिम महिलाओं को भाजपा की ओर खींचा होगा?

2014 के चुनाव में जिस 'एस्पीरेशनल कम्युनिटी' के बनने की चर्चा हुई थी हो सकता है कि 2017 के चुनाव में उसी एस्पीरेशनल कम्युनिटी का विस्तार हुआ हो। यह भी हो सकता है कि एक नई सामाजिक गोलबंदी जातीय अस्मिता से अलग-हिंदुत्व, विकास की चाह, विकास जनित ईर्ष्या, उपेक्षा व, इन सबको मिलाकर बन रही हो। इसे शायद अभी कोई नाम देना जल्दबाजी होगी, किंतु बाजार, तकनीक, मोबाइल, टेलीविजन, सूचनाओं का अबाध आदान-प्रदान, बेहतर जीवन की चाह आदि सब मिलकर ऐसे सामाजिक समूहों का निर्माण कर रहे हैं जिनके लिए पारंपरिक अस्मिताएं अप्रासांगिक होती जा रही हैं। यह भी कहा जा सकता है कि पारंपरिक अस्मिता एक नया अर्थ लेकर नई गोलबंदी का कारण बन रही है। उत्तर प्रदेश के हाल के चुनाव में सुहलदेव भारतीय समाज पार्टी और अपना दल जैसे जातीय आधार मत वाले राजनीतिक दलों ने सत्ता में भागीदारी की नई चाह के तहत बसपा जैसी दलित आधार वाली पार्टी से अलग होकर भाजपा के साथ हाथ मिलाया। ध्यान रहे कि अपना दल में प्रभावी कुर्मी मतदाता उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक कांशीराम के नेतृत्व में बसपा से जुड़े रहे। अपना दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल कांशीराम के सहयोगी ही थे। इसी तरह सुहलदेव भारतीय समाज पार्टी भी बसपा से निकली ही है।

बिहार में जहां विकास की चाह के साथ मंडल स्मृति के तहत आरक्षण का मुद्दा, पिछड़ों एवं दलितों की गोलबंदी का कारण रहा वहीं उत्तर प्रदेश में पोस्ट मंडल पॉलिटिक्स बनती दिखी। उत्तर प्रदेश के विधान सभा चुनाव में उभरे इस 'नए बन रहे आकांक्षापरक समाज' ने जातियों की पारंपरिक अस्मिता को तोड़कर और उसमें नए अर्थ देकर नए गठबंधन बनाए। वहीं बिहार में पिछड़ों एवं उपेक्षितों ने नए विकास की चाह रखते हुए भी मंडल राजनीति से उभरे नेताओं एवं उनकी राजनीति पर ही विश्वास जताया। यह एक ऐसा अंतर्विरोध है जिसका समाधान आसान नहीं है। फिलहाल इतना ही कहा जा सकता है कि भारतीय समाज एक ऐसे संक्रमण के दौर से गुजर रहा है, जिसमें बहुल आवाजें अपनी-अपनी पुकार अपने-अपने ढंग से लगा रही हैं। साथ ही अनेक तरह के सामाजिक भावों के अनेक तल समाज में एक दूसरे के ऊपर इकट्ठे होकर जमा हो रहे हैं। इनमें से कौन सा सामाजिक व राजनीति में कब महत्वपूर्ण हो जाएगा, यह सामाजिक परिस्थिति के साथ-साथ सामाजिक नेतृत्व की शक्ति पर भी निर्भर करेगा। अब देखना यह है कि अभी मोदी जी एवं योगी जी का सामाजिक नेतृत्व इस नए बन रहे समाज के बनने की प्रक्रिया में क्या भूमिका निभाता है?

(लेखक समाज विज्ञानी एवं गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान में प्रोफेसर हैं)

– दैनिक जागरण (12 अप्रैल, 2017) से साभार

●●●

दुपट्टे, बुर्के जलाओ और गर्व से कहो कि तुम रंडी हो

रितु सिंह हंसराज

हां तुम रंडी हो
बुर्का पहनो, घूंघट में रहो
दुपट्टा नहीं लोगी तो तुम रंडी हो
मुंह से आवाज मत निकालो
जोर से हंसी तो तुम रंडी हो

खुद को ढंककर रखो
जींस, स्कर्ट पहनोगी तो तुम रंडी हो
हम चाहेंगे वही पढ़ोगी
अपनी मर्जी से पढ़ना है तो तुम रंडी हो

लड़के तो छेड़ेंगे ही उनका तो हक है छेड़ना
विरोध करोगी तो तुम रंडी हो
रेप हुआ तो आत्महत्या कर लो
आवाज उठाई तो तुम रंडी हो

सहेली बना सकती हो
लड़के को दोस्त बनाया तो तुम रंडी हो
भाई के साथ सहेली के घर जाओ
अकेली गई तो तुम रंडी हो

दिन में हमसे पूछकर बाहर निकलो
रात में निकली तो तुम रंडी हो
हम तय करेंगे किसके साथ सोओगी
मर्जी का साथी चुना तो तुम रंडी हो

चुपचाप मार खाती रहो और पति की सेवा करो
पुलिस में गई तो तुम रंडी हो
मास्टरनी बन जाओ, एटीएम हमें दो
नहीं तो तुम रंडी हो

दुपट्टे, बुर्के जलाओ और
गर्व से कहो कि तुम रंडी हो।

(संपादन– आदित्य साहू)

http://www.nationaldastak.com/story/view/vimarsh-on-women-by-ritu-singh-hansraj

●●●

पूरे देश में आरक्षण खत्म करने के लिए माहौल बन गया है, सुप्रीम कोर्ट तो पहले से ही आरक्षण खत्म करने पर तुला हुआ हैं, यदि अभी भी हम सक्रिय नहीं हुए तो समझो आरक्षण खत्म : डॉ. उदित राज

आरक्षितों को सिर्फ कोटे में ही नौकरी

● सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षिण वर्ग में नौकरी के संबंध में फेसला दिया

● कहा, ज्यादा अंक लाने पर भी सामान्य वर्ग में नौगरी नहीं

नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने 21 अप्रैल को आरक्षित वर्ग में नौकरी के संबंध में एक अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार को आरक्षित वर्ग में ही नौकरी मिलेगी, चाहे उसने सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों से ज्यादा अंक क्यों न हासिल किए हों।

● दोहरा लाभ नहीं : जस्टिस आर भानुमति और जस्टिस ए.एम. खानविल्कर की पीठ ने कहा कि एक बार आरक्षित वर्ग में आवेदन कर उसमें छूट और अन्य रियायतें लेने के बाद उम्मीदवार आरक्षित वर्ग के लिए ही नौकरी का हकदार होगा। उसे समान्य वर्ग में समायोजित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने यह फैसला आरक्षित वर्ग की महिला उम्मीदवार के मामले में दिया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से गुहार लगाई थी कि उसे सामान्य वर्ग में नौकरी दी जाए, क्योंकि उसने लिखित परीक्षा में सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों से ज्यादा अंक हासिल किए हैं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने उम्र सीमा में छूट लेकर ओबीसी श्रेणी में आवेदन किया था और उसने इंटरव्यू भी ओबीसी श्रेणी में ही दिया था, इसलिए वह सामान्य श्रेणी में नियुक्ति के लिए दावा नहीं कर सकती।

● नियम का हवाला : कोर्ट ने कहा कि डीओपीटी की 01 जुलाई 1999 की कार्यवाही के नियम तथा ओएम में साफ है एससी एसटी ओबीसी के उम्मीदवार को जो अपनी मेरिट के आधार पर चयनित होकर आए हैं उन्हें आरक्षित वर्ग में एडजस्ट नहीं किया जाएगा। उसी तरह जब एस. सी. एस.टी. और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए छूट के मानक जैसे- उम्र सीमा, अनुभव, शैक्षणिक योग्यता, लिखित परीक्षा के लिए अधिक अवसर दिए गए हों तो उन्हें एससी एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों को आरक्षित रिक्तियों के लिए ही विचारित किया जाएगा ऐसे उम्मीदवार अनारक्षित रिक्तियों के लिए अनुपलब्ध माने जाएंगे।

उदाहरण के लिए अगर कोई उम्मीदवार आवेदन भरते समय ही खुद को आरक्षित श्रेणी में बताता है और इसके तहत मिलने वाला लाभ लेता है। लेकिन बाद में उसके अंक सामान्य श्रेणी के कट ऑफ के बराबर या अधिक होते हैं, तो भी उसका चयन आरक्षित सीटों के लिए ही होगा। इसके तहत उसे सामान्य वर्ग की सीटें नहीं मिलेंगी।

● क्या है मामला : दीपा पीवी ने वाणिज्य मंत्रलय के अधीन भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद में लैब सहायक ग्रेड-2 के लिए ओबीसी श्रेणी में आवेदन किया था। इसके लिए हुई परीक्षा में उसने 82 अंक प्राप्त किए। ओबीसी श्रेणी में उसे लेकर 11 लोगों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। लेकिन इसी वर्ग में 93 अंक लाने वाली सेरेना जोसेफ को चुन लिया गया। जहां तक सामान्य वर्ग का सवाल था, वहां न्यूनतम कटऑफ अंक 70 थे। लेकिन कोई भी उम्मीदवार ये अंक नहीं ला पाया। दीपा ने इस श्रेणी में समायोजित करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे निरस्त कर दिया। इसके बाद दीपा सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी।

● सुप्रीम कोर्ट का पक्ष: याचिकाकर्ता ने उम्र सीमा में छूट लेकर ओबीसी श्रेणी में आवेदन किया था। उसने साक्षात्कार भी ओबीसी श्रेणी में ही दिया था। इसलिए वह सामान्य श्रेणी में नियुक्ति के अधिकार के लिए दावा नहीं कर सकती।

http://www.shasnadesh.com/2017/04/blog-post_22.html

केंद्र ने खर्च घटाने को शुरु की नौकरियों में कटौती

खत्म होगें खाली पड़े दो लाख पद

नई दिल्ली : मोदी सरकार ने खर्चे कम करने के लिए सरकारी नौकरियों में कटौती करने की तैयारी शुरू कर दी है। मंत्रालयों और सरकारी विभागों में जो पद दो साल से ज्यादा समय से खाली पड़े हैं, सरकार उन्हें खत्म करने जा रही है। सूत्रों के अनुसारे ऐसे पदों की संख्या दो लाख है। इस बारे में सभी मंत्रालयों और विभागों को निर्देश जारी किय गया है।

दूसरी ओर दो साल से कम समय से खाली पड़े पदों पर नियुक्तियां वित्त मंत्रालय की अनुमति के बाद ही की जा सकेंगीं। मंत्रालयों और सरकारी विभागों में नई भर्तियां करने, नए पोस्ट क्रीट करने, पोस्ट रिवाइवल करने जैसे विषयों पर आखिरी फैसला वित्त मंत्रालय ही करेगा।

जिन दो लाख खाली पड़े पदों को खत्म किया जाएगा, उनमें सबसे ज्यादा पोस्ट इन्कम टैक्स विभाग की है। इस विभाग में करीब 25,000 पोस्ट काफी समय से खाली है, जिन्हें नहीं भरा गया है।

मंत्रालयों और विभागों को खाली पड़े पदों की सूची देने को कहा गया है, ताकि उनको खत्म करने का आखिरी फेसला लिया जा सके। इसके अलावा यह भी फेसला किया जाएगा कि जो पोस्ट दो साल से कम समय से खाली हैं, उन्हें भरने की जरुरत है या नहीं। वित्त मंत्रालय के सीनियर अधिकारियों के अनुसार मंत्रालयों और सरकारी विभागों से कहा गया है कि वे अपने यहां मैनपावर और खाली पड़े पोस्टों की पूरी जानकारी दें। यह जानकारी भी दें कि काम के मुकाबले कितना मैनपावर है। इसके बाद वित्त मंत्रालय तय करेगा कि वाकई में संबंधित जगह पर मैनपावर की जरुरत है या नहीं। अगर जरुरत है तो कितनी है। इसी के अनुसार नई भार्तियों या पोस्ट क्रीट की जाएगी। वित्त मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार वित्तीय घाटी को जीडीपी के परिपेक्ष्य में 3 फीसदी के स्तर पर लाना है। इसके लिए जरुरी है कि सरकारी खर्चे को कम किया जाए।

– नवभारत टाइम्स (22 अप्रैल, 2017) से साभार

(पृष्ठ 1 का शेष)

दिल्ली परिसंघ द्वारा संसद मार्ग पर . . .

लोग जानते हैं कि धीरे धीरे सरकार आरक्षण को खत्म करने का कार्य कर रही है। हमें इकट्ठे होकर लड़ना होगा व समर्थन के लिए सड़कों पर आना होगा ।

इस मौके पर बाबा साहेब के विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि बाबा साहेब ने अपनी पूरी जिंदगी हमें अधिकार दिलाने में न्योछावर की। हमें जातिवाद के दलदल से बाहर निकाला, लेकिन आज भी कुछ लोग अपने अज्ञान व अहंकार की वजह से बाबा साहेब का अनुसरण नहीं कर रहे हैं।

हमें बाबा साहेब के सच्चे सिपाही डॉ उदित राज साहब का साथ देना होगा व परिसंघ को मजबूत करना होगा चूकि पूर्व में भी परिसंघ ने आरक्षण की लड़ाई लड़ी और हम सभी जीते फिर हमें इधर उधर नहीं भटकना चाहिये।

इस मौके पर परिसंघ दिल्ली महासचिव भानु पुनिया जी ने कहा कि बाबा साहेब के बारे में आज कुछ भी कहना और लिखना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है। उन्होंने बाबा साहेब की जयंती की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज 14 अप्रैल है, और यह विश्व व भारत के इतिहास का वह ऐतिहासिक दिन है जब सन् 1891 में बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर जी का जन्म मऊ, मध्य प्रदेश में हुआ था. ''बाबा साहेब'' के नाम से बाद में प्रचलित हुए । बाबा साहेब पूरे विश्व में सम्मानित हैं भारत राष्ट्र के संविधान निर्माता हैं सभी को समान अधिकार दिलाने के लिए व इंसानियत को बढ़ाने के लिए पूरे विश्व मे उनका सम्मान है। बाबा साहेब ने कहा था हजारों साल से मेरा समाज दूसरों के पांव छूकर जिंन्दगी जीता आया है, मैं उन्हें इतना काबिल बनाना चाहता हूं कि वो अपनी जिंन्दगी किसी के सहारे पर नहीं बल्कि अपनी मेहनत पर जियें। लेकिन मेरे लोग मेरे पैर छूकर अपनी जिम्मेदारी भूलना चाहते हैं, मेरा जय जयकार करने से आंदोलन आगे बढ़ने वाला नहीं है मेरी विचारधारा को समझकर कार्य करना चाहिए, यह बात मैं समाज को बताना चाहता हूं। बाबा साहेब ने कहा था जिसे अपने दुखों से मुक्ति चाहिए, उसे लड़ना होगा और जिसे लड़ना है उसे पहले पढ़ना होगा क्योंकि ज्ञान के बिना लड़ने गए तो हार निश्चित है।

उन्होंने सभी साथियों को बाबा साहेब का अनुसरण करने व उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया व परिसंघ ऑल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज जी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने व परिसंघ को मजबूत करने का आह्वान किया।

ऑल इंडिया परिसंघ महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजक श्रीमती सविता कदियान पंवार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें बाबा साहब अम्बेडकर की जंयती मनाने के साथ-साथ उनके विचारों व उद्देश्यां को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने होंगे व महिलाओं के मुक्ति दाता बाबा साहब का महिलाओं को उनका आभार व्यक्त करना चाहिए कि उन्होंने संवैधानिक अधिकार दिलवाए और समाज में सर उठाकर जीने लायक बनाया और सम्मान दिलवाया और बाबा साहब के तीन मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो को दलित नारी के जीवन मे उतारा। महाड़ सत्याग्रह, धर्मांतरण की घोषणा, मनुस्मृति दहन, कालाराम मंदिर प्रवेश सत्याग्रह आदि घटनाओं में इन्हीं कारणो से महिलाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। बाबा साहब अम्बेडकर स्त्रियों की दशा में परिवर्तन संविधान में अनेक अनुच्छेदों की व्यवस्था करके लाना चाहते थे और इसलिए हिन्दू कोड बिल बनाया। इसलिए मेरा कहना है कि जंयती मनाकर अपने आपको हमें रोकना नहीं है और नारी पूर्ण आजादी की संकल्पना को पूरा करवाने का वचन आज हमें इस मंच से सभी महिलाओं को दिलवाना है कि हमने बाबा साहब के सपनों का भारत बनाना है और सभी भारतीय नारियों से आह्वान किया, विशेषकर पढ़ी-लिखी महिलाओं, लेखिकाओं, कवियित्रियों और संपादिकाओं को भी आह्वान किया कि वे नारी के स्वाभिमान और स्वसम्मान की लड़ाई लड़े और सामूहिक रूप से परिसंघ महिला प्रकोष्ठ के माध्यम से आदोलन आंदोलन चलाये और हमारे परिसंघ के राष्ट्रीय चौयरमैन डॉ. उदित राज जी के हाथ मजबूत करें ।

साथियो, अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ आपको समय-समय पर सचेत करता है कि तमाम लोग सोशल मीडिया के रूप में हमसे जुड़ सकते हैं, जो परिसंघ को ऊपर उठाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस मौके पर दिल्ली परिसंघ के महासचिव भानु पुनिया, रविन्द्र सिंह, दया राम, हरि प्रकाश, मुकेश कुमार, रवीन्द्र कटारिया, आर. एस. हंस, दिलबाग सिंह, योगेश आनंद व परिसंघ की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजक (महिला प्रकोष्ठ) सविता कदियान पंवार, राष्ट्रीय सह संयोजक रेशम भोयर, डॉ. रूचिता पाल, सुनीता, रीटा सरकार, सरिता, ललिता, वंदना गौतम व हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष श्री सत्यप्रकाश जरावता, पंजाब प्रदेश अध्यक्ष तरसेम सिह जी आदि जंयती के मौके पर सभी वक्ताओं ने अपने विचार अभिव्यक्त किये। इस जंयती के अवसर पर परिसंघ की दिल्ली प्रदेश की टीम के साथ-साथ परिसंघ महिला प्रकोष्ठ की टीम ने भी इस कार्यक्रम मे बढ़-चढ़कर भाग लिया।

– सत्या नारायण
प्रदेश अध्यक्ष (दिल्ली)
अनुसूचित जाति/जन जाति अखिल भातीय संगठनों का परिसंघ
9873988894

14 अप्रैल, 2017 को 'पंजाब केसरी' व 'अमर उजाला' में प्रकाशित लेख

अम्बेडकर जयंती साध्य बनती

डॉ. अम्बेडकर स्वयं मूर्तिपूजा के विरुद्ध थे। इस पर उन्होंने काफी कुछ कहा है। गैर-सरकारी स्तर पर जितनी मूर्ति बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की पूरे देश में लगी होगी उतनी शायद किसी और की न लगी हो। 14 अप्रैल को इस महापुरुष की जयंती पड़ती है। उसकी शुरुआत तो पहले ही हो जाती है और यहां तक कि जुलाई-अगस्त तक लोग कार्यक्रम करते ही रहते हैं। अधिकतर दलित ही कार्यक्रम का आयोजन करते हैं क्योंकि उनके द्वारा किये गए प्रयासों का फल उन्हें मिल रहा है। अधिकार दिलाना एक पक्ष है तो विचारधारा दूसरा। जहां तक उनके सघर्षो के कारण आरक्षण और अन्य अधिकार मिले उसको लेने से कोई चूकता नहीं लेकिन यक्ष प्रश्न तब खड़ा होता है जब उनके दर्शन को आत्मसात करने की बात होती है। जयंती मनाने का उद्देश्य यह होता है कि उस महापुरुष के द्वारा दिए गए विचार और दर्शन को फिर से याद करे। भाषण और व्याख्यान तो हो जाते हैं प्रश्न है कि क्या आयोजककर्ता या उसमें शामिल होने वाले लोग विचार को कह और सुन कर वहीं अपनी फर्ज अदायिगी कर देते हैं। जिस दिन इसके आगे जाने लगेंगे देश में बहुत बड़ा परिवर्तन होकर रहेगा।

जयंती मनाने में वह लोग भी शामिल होते हैं जो साल भर कोई रचनात्मक कार्य नहीं करते लेकिन इस मौके का फायदा उठाने से चुकते नहीं। बिना अधिक प्रयास के लोग इकठ्ठा हो जाते हैं तो इससे आसान क्या तरीका है कि फर्ज अदायिगी भी हो गयी है और प्रसिद्धि भी मिल गयी। अधिकतर लोग बाबा साहेब को सम्मान पेश करने आते हैं न कि अयोजककर्ता और उसके संगठन के लिए। अधिकतर कार्यक्रमों में मेले वाली भीड़ होती है कि लोग एक तरफ से आये तो दूसरी तरफ चले गए। किसी अधिकार को लेने के लिए नहीं आते न ही कार्यकर्ता बनने के लिए। इसमें एकता का भी भाव इतना नहीं होता। कहने का आशय यह नहीं है कि जयंती के कार्यक्रम न किये जाये। बल्कि और ज्यादा किये जाने चाहिए, उससे प्रचार-प्रसार बढ़ता है क्योंकि अभी भी बड़ी संख्या में लोग बाबा साहेब के दर्शन से परिचित नहीं हैं। मुश्किल तब होती है जब लोग इसी से खाना पूर्ति कर लेते हैं और विचार से कोई खास रिश्ता न हो पाता।

दलितों-आदिवासियों को आत्मचिंतन करना पड़ेगा कि क्या गोष्ठी, सेमिनार और जयंती से उनका काम चल जायेगा। विचार आत्मसात करने के लिए बहादुर और समझदार होना पड़ेगा। जिस जाति में पैदा हुए और उसके संस्कार में पले-बढ़े क्या उसको त्यागना आसान कार्य है? धारा के साथ तो कोई भी चल जाता है। डॉ. अम्बेडकर धारा के विपरीत चले और वही माने, जो मानव कल्याण के लिए उपयोगी लगा। उन परम्पराओं और रीति-रिवाजों का बहिष्कार किया जो मानव हित में नहीं थे। हजारों वर्ष जो समाज गुलामी में रहा है इससे निकलने के लिए उसे असाधारण प्रयास करने होंगे। हो यह रहा है कि शत-प्रतिशत अम्बेडकरवादी भी खिचड़ी पका रहे है। उनके प्रयासों के द्वारा लाभ जैसे आरक्षण, छात्रवृति, सांसदी, विधायकी, संविधान, सम्मान और स्वतंत्रता ग्रहण करने में सबसे आगे लेकिन जब बौद्ध धर्म, संगठन, संघर्ष, त्याग, जातिविहीन समाज बनाने की बारी आये तो ज्यादातर

जानिए दलितों का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान

अक्सर सवर्ण बंधुओं द्वारा यह प्रश्न किया जाता है कि दलितों का आजादी की लड़ाई में क्या योगदान रहा है, वे गाहे बेगाहे सवर्ण क्रांतिकारियों की लिस्ट दिखाकर यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि, सारी आज़ादी की लड़ाई उन्होंने ही लड़ी बाकी अछूत दलित तो कुछ नहीं करते थे। यह मानसिकता वह है जो हजारों सालों से चली आ रही है, इसी मानसिकता के चलते एकलव्य का अंगूठा कटवा के उसके बाद अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर की पदवी दिला दी जाती है ।

खैर, मैं आपको प्राचीन काल में नहीं अपितु इतिहास में ले चलता हूँ। सब जानते हैं की आज़ादी की लड़ाई की शुरुआत 1857 में मंगल पाण्डे से शुरू हुई। हालांकि मंगल पाण्डे को अंग्रेजों से बगावत करने की प्रेरणा मातादीन वाल्मीकि से मिली वर्ना पाण्डे जी जीवन भर अंग्रेजों की नौकरी ही करते रहते । मातादीन वाल्मिकि को अछूत होने के नाते भुला दिया गया। पर यहां आपको मैं बताऊंगा की आज़ादी की प्रथम लड़ाई 1857 में मंगल पाण्डे द्वारा नहीं लड़ी गई थी, बल्कि, आजादी की लड़ाई 1804 में ही शुरू हो गई थी और यह लड़ाई लड़ी गई थी छतरी के नबाब द्वारा। छतरी के नबाब का अंग्रेजों से लड़ने वाला परमवीर योद्धा था 'ऊदैया चमार', जिसने सैंकड़ो अंग्रेजों को मौत के घाट उतार दिया था । उसकी वीरता के चर्चे अलीगढ़ के आस-पास के क्षेत्रो में आज भी सुनाई देते हैं, उसको 1807 में अंग्रेजों द्वारा फाँसी दे दी गई थी। उसके बाद आता है बाँके चमार, बाँके जौनपुर जिले के मछली तहसील के गाँव कुँवरपुर के निवासी थे, उनकी अंग्रेजो में इतनी दहशत थी कि सन 1857 के समय उनके ऊपर 50 हजार का इनाम रखा था अंग्रेजो ने । अब आप सोचिये कि, जब '2 पैसे' की इतनी कीमत थी की उस से बैल ख़रीदा जा सकता था तो उस समय '50 हजार' का इनाम कितना बड़ा होगा ।

वीरांगना झलकारी बाई को कौन नहीं जानता? रानी झाँसी से बढ़ के हिम्मत और साहस था उनमें, वे चमार जाति की उपजाति कोरी जाति से थी । पर दलित होने के कारण उनको पीछे धकेल दिया गया और रानी झाँसी का गुणगान किया गया।

1857 में ही राजा बेनी माधव (खलीलाबाद) अंग्रेजो द्वारा कैद किये जाने पर उन्हें छुड़ाने वाला अछूत वीरा पासी था।

इसके अलावा कुछ और दलित क्रान्तिकारियो के नाम आप लोगो को बताना चाहता हूँ जो गोरखपुर अभिलेखों में दर्ज हैं ।

1. आजादी की लड़ाई में चौरा-चौरी काण्ड एक मील का पत्थर है, इसी चौरा-चौरी कांड के नायक थे 'रमापति चमार', इन्ही की सरपरिस्त में हजारों दलितों की भीड़ ने चौरा-चौरी थाने में आग लगा दी थी जिससे 23 अंग्रेज सिपाहियों की जलने से मौत हो गई थी।

इतिहासकार श्री. डी. सी. दिनकर ने अपनी पुस्तक 'स्वतंत्रता संग्राम' में 'अछूतों का योगदान' में उल्लेख किया है कि - 'अंग्रेजों ने इस काण्ड में सैंकड़ों दलितों को गिरफ्तार किया। 228 दलितों पर सेशन सुपुर्द कर अभियोग चला । निचली अदालत ने 172 दलितों को फाँसी की सजा सुनाई। इस निर्णय की ऊपरी अदालत में अपील की गई, ऊपरी अदालत ने 19 को फाँसी, 14 को आजीवन कारवास, शेष को आठ से पांच साल की जेल हुई ।

2 जुलाई 1923 को 18 अन्य दलितों के साथ चौरा-चौरी कांड के नायक रमापति को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया । चौरा-चौरी कांड में फाँसी तथा जेल की सजा पाने वाले क्रन्तिकारी दलितों के नाम थे-

1. सम्पति चमार- थाना- चौरा, गोरखपुर, धारा 302 के तहत 1923 में फांसी

2- अयोध्या प्रसाद पुत्र महंगी पासी- ग्राम - मोती पाकड़, जिला चौरा, गोरखपुर , सजा - फाँसी

3. कल्लू चमार, सुपुत्र सुमन - गाँव गोगरा, थाना-झगहा, जिला गोरखपुर, सजा - 8 साल की कैद

4. गरीब दास, पुत्र महंगी पासी - सजा धारा 302 के तहत आजीवन कारावास

5. नोहरदास, पुत्र देवीदीन- ग्राम - रेबती बाजार, थाना चौरा-चौरी, गोरखपुर, आजीवन कारवास

6. श्री फलई, पुत्र घासी प्रसाद- गाँव- थाना चौरा-चौरी, 8 साल की कठोर कारवास,

7. बिरजा, पुत्र धवल चमार- गाँव - डुमरी, थाना चौरा, धारा 302 के तहत 1924 में आजीवन कारावास

8. श्री. मेढ़ाइ, पुत्र बुधई- थाना चौरा, गोरखपुर, आजीवन कारवास

इसके अलावा 1942 के भारत छोडो आंदोलन में मरने वाले और भाग लेने वाले दलितों की संख्या हजारों में हैं जिसमें से कुछ प्रमुख हैं-

1. मेंकुलाल, पुत्र पन्ना लाल, जिला सीता पुर। यह बहादुर दलित 1932 के मोतीबाग कांड में शहीद हुआ

2. शिवदान, पुत्र दुबर - निवासी ग्राम - पहाड़ीपुर, मधुबन आजमगढ़, इन्होंने 1942 के 15 अगस्त को मधुबन थाना के प्रातः 10 बजे अंग्रेजो पर हल्ला बोला, अंग्रेजो की गोली से शहीद हुए ।

इसके अलावा दलित अमर शहिदों का भारत अभिलेख से प्राप्त परिचय - मुंडा, मालदेव, सांठे, सिंहराम, सुखराम, सवराउ, आदि बिहार प्रान्त से ।

आंध्र प्रदेश से 100 से ऊपर दलित नेता व् कार्यकर्ता बंदी । बंगाल से 45 दलित नेता बलिदान हुए आजादी की लड़ाई में। ऐसे ही देश के अन्य राज्यो में भी दलितों ने आजादी के संग्राम में अपनी कुरबानी दी ।

अरे हाँ.... !! सबसे महत्वपूर्ण नाम लेना तो भूल ही गया, जलियाँवाला बाग का बदला लेने वाले और लन्दन जा के माइकल आडेवयार को गोलियों से भून देने वाले दलित 'शहीद ऊधम सिंह' जिसका नाम सुनते ही अंग्रेजो में डर की लहर दौड़ जाती थी।

ये सब दलित 'स्वतंत्रता सेनानी' और हजारों ऐसे ही गुमनाम शहीद जो 'दलित' होने के नाते कभी भी मुख्य पंक्ति में नहीं आ पाये। देश को नजर आये तो सिर्फ सवर्ण।

नोट : उपरोक्त जानकारी व्हाट्अप पर प्राप्त हुई। प्रमाणिकता की जांच की जा रही है।

मैं नास्तिक क्यों हूँ- भगत सिंह

(यह लेख भगत सिंह ने जेल में रहते हुए लिखा था और यह 27 सितम्बर 1931 को लाहौर के अखबार 'द पीपल' में प्रकाशित हुआ । इस लेख में भगत सिंह ने ईश्वर कि उपस्थिति पर अनेक तर्कपूर्ण सवाल खड़े किये हैं और इस संसार के निर्माण, मनुष्य के जन्म, मनुष्य के मन में ईश्वर की कल्पना के साथ साथ संसार में मनुष्य की दीनता, उसके शोषण, दुनिया में व्याप्त अराजकता और और वर्गभेद की स्थितियों का भी विश्लेषण किया है। यह भगत सिंह के लेखन के सबसे चर्चित हिस्सों में रहा है। 33 स्वतन्त्रता सेनानी बाबा रणधीर सिंह 1930-31 के बीच लाहौर के सेन्ट्रल जेल में कैद थे। वे एक धार्मिक व्यक्ति थे जिन्हें यह जान कर बहुत कष्ट हुआ कि भगत सिंह का ईश्वर पर विश्वास नहीं है। वे किसी तरह भगत सिंह की कालकोठरी में पहुँचने में सफल हुए और उन्हें ईश्वर के अस्तित्व पर यकीन दिलाने की कोशिश की। असफल होने पर बाबा ने नाराज होकर कहा, ''प्रसिद्धि से तुम्हारा दिमाग खराब हो गया है और तुम अहंकारी बन गए हो जो कि एक काले पर्दे की तरह तुम्हारे और ईश्वर के बीच खड़ी है। इस टिप्पणी के जवाब में ही भगतसिंह ने यह लेख लिखा)

एक नया प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। क्या मैं किसी अहंकार के कारण सर्वशक्तिमान, सर्वव्यापी तथा सर्वज्ञानी ईश्वर के अस्तित्व पर विश्वास नहीं करता हूँ? मेरे कुछ दोस्त 'शायद ऐसा कहकर मैं उन पर बहुत अधिकार नहीं जमा रहा हूँ' मेरे साथ अपने थोड़े से सम्पर्क में इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये उत्सुक हैं कि मैं ईश्वर के अस्तित्व को नकार कर कुछ जरूरत से ज्यादा आगे जा रहा हूँ और मेरे घमण्ड ने कुछ हद तक मुझे इस अविश्वास के लिये उकसाया है। मैं ऐसी कोई शेखी नहीं बघारता कि मैं मानवीय कमजोरियों से बहुत ऊपर हूँ। मैं एक मनुष्य हूँ, और इससे अधिक कुछ नहीं। कोई भी इससे अधिक होने का दावा नहीं कर सकता। यह कमजोरी मेरे अन्दर भी है। अहंकार भी मेरे स्वभाव का अंग है। अपने कामरेडो के बीच मुझे निरंकुश कहा जाता था। यहाँ तक कि मेरे दोस्त श्री बटुकेश्वर कुमार दत्त भी मुझे कभी-कभी ऐसा कहते थे। कई मौकों पर स्वेच्छाचारी कहकर मेरी निन्दा भी की गयी। कुछ दोस्तों को शिकायत है, और गम्भीर रूप से है कि मैं अनचाहे ही अपने विचार, उन पर थोपता हूँ और अपने प्रस्तावों को मनवा लेता हूँ। यह बात कुछ हद तक सही है। इससे मैं इनकार नहीं करता। इसे अहंकार कहा जा सकता है। जहाँ तक अन्य प्रचलित मतों के मुकाबले हमारे अपने मत का सवाल है। मुझे निश्चय ही अपने मत पर गर्व है। लेकिन यह व्यक्तिगत नहीं है। ऐसा हो सकता है कि यह केवल अपने विश्वास के प्रति न्यायोचित गर्व हो और इसको घमण्ड नहीं कहा जा सकता। घमण्ड तो स्वयं के प्रति अनुचित गर्व की अधिकता है। क्या यह अनुचित गर्व है, जो मुझे नास्तिकता की ओर ले गया? अथवा इस विषय का खूब सावधानी से अध्ययन करने और उस पर खूब विचार करने के बाद मैंने ईश्वर पर अविश्वास किया?

मैं यह समझने में पूरी तरह से असफल रहा हूँ कि अनुचित गर्व या वृथाभिमान किस तरह किसी व्यक्ति के ईश्वर में विश्वास करने के रास्ते में रोड़ा बन सकता है? किसी वास्तव में महान व्यक्ति की महानता को मैं मान्यता न दूँ 'यह तभी हो सकता है, जब मुझे भी थोड़ा ऐसा यश प्राप्त हो गया हो जिसके या तो मैं योग्य नहीं हूँ या मेरे अन्दर वे गुण नहीं हैं, जो इसके लिये आवश्यक हैं। यहाँ तक तो समझ में आता है। लेकिन यह कैसे हो सकता है कि एक व्यक्ति, जो ईश्वर में विश्वास रखता हो, सहसा अपने व्यक्तिगत अहंकार के कारण उसमें विश्वास करना बन्द कर दे? दो ही रास्ते सम्भव हैं। या तो मनुष्य अपने को ईश्वर का प्रतिद्वन्द्वी समझने लगे या वह स्वयं को ही ईश्वर मानना शुरू कर दे। इन दोनो ही अवस्थाओं में वह सच्चा नास्तिक नहीं बन सकता। पहली अवस्था में तो वह अपने प्रतिद्वन्द्वी के अस्तित्व को नकारता ही नहीं है। दूसरी अवस्था में भी वह एक ऐसी चेतना के अस्तित्व को मानता है, जो पर्दे के पीछे से प्रकृति की सभी गतिविधियों का संचालन करती है। मैं तो उस सर्वशक्तिमान परम आत्मा के अस्तित्व से ही इनकार करता हूँ। यह अहंकार नहीं है, जिसने मुझे नास्तिकता के सिद्धान्त को ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया। मैं न तो एक प्रतिद्वन्द्वी हूँ, न ही एक अवतार और न ही स्वयं परमात्मा। इस अभियोग को अस्वीकार करने के लिये आइए तथ्यों पर गौर करें। मेरे इन दोस्तों के अनुसार, दिल्ली बम केस और लाहौर षडयन्त्र केस के दौरान मुझे जो अनावश्यक यश मिला, शायद उस कारण मैं वृथाभिमानी हो गया हूँ।

मेरा नास्तिकतावाद कोई अभी हाल की उत्पत्ति नहीं है। मैंने तो ईश्वर पर विश्वास करना तब छोड़ दिया था, जब मैं एक अप्रसिद्ध नौजवान था। कम से कम एक कालेज का विद्यार्थी तो ऐसे किसी अनुचित अहंकार को नहीं पाल-पोस सकता, जो उसे नास्तिकता की ओर ले जाये। यद्यपि मैं कुछ अध्यापकों का चहेता था तथा कुछ अन्य को मैं अच्छा नहीं लगता था। पर मैं कभी भी बहुत मेहनती अथवा पढ़ाकू विद्यार्थी नहीं रहा। अहंकार जैसी भावना में फँसने का कोई मौका ही न मिल सका। मैं तो एक बहुत लज्जालु स्वभाव का लड़का था, जिसकी भविष्य के बारे में कुछ निराशावादी प्रकृति थी। मेरे बाबा, जिनके प्रभाव में मैं बड़ा हुआ, एक रूढ़िवादी आर्य समाजी हैं। एक आर्य समाजी और कुछ भी हो, नास्तिक नहीं होता। अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद मैंने डी0 ए0 वी0 स्कूल, लाहौर में प्रवेश लिया और पूरे एक साल उसके छात्रावास में रहा। वहाँ सुबह और शाम की प्रार्थना के अतिरिक्त मैं घण्टों गायत्री मंत्र जपा करता था। उन दिनों मैं पूरा भक्त था। बाद में मैंने अपने पिता के साथ रहना शुरू किया। जहाँ तक धार्मिक रूढ़िवादिता का प्रश्न है, वह एक उदारवादी व्यक्ति हैं। उन्हीं की शिक्षा से मुझे स्वतन्त्रता के ध्येय के लिये अपने जीवन को समर्पित करने की प्रेरणा मिली। किन्तु वे नास्तिक नहीं हैं। उनका ईश्वर में दृढ़ विश्वास है। वे मुझे प्रतिदिन पूजा-प्रार्थना के लिये प्रोत्साहित करते रहते थे। इस प्रकार से मेरा पालन-पोषण हुआ। असहयोग आन्दोलन के दिनों में राष्ट्रीय कालेज में प्रवेश लिया। यहाँ आकर ही मैंने सारी धार्मिक समस्याओं - यहाँ तक कि ईश्वर के अस्तित्व के बारे में उदारतापूर्वक सोचना, विचारना तथा उसकी आलोचना करना शुरू किया। पर अभी भी मैं पक्का आस्तिक था। उस समय तक मैं अपने लम्बे बाल रखता था। यद्यपि मुझे कभी-भी सिक्ख या अन्य धर्मों की पौराणिकता और सिद्धान्तों में विश्वास न हो सका था। किन्तु मेरी ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ निष्ठा थी। बाद में मैं क्रान्तिकारी पार्टी से जुड़ा। वहाँ जिस पहले नेता से मेरा सम्पर्क हुआ वे, तो पक्का विश्वास न होते हुए भी ईश्वर के अस्तित्व को नकारने का साहस ही नहीं कर सकते थे। ईश्वर के बारे में मेरे हठ पूर्वक पूछते रहने पर वे कहते, ''जब इच्छा हो, तब पूजा कर लिया करो।'' यह नास्तिकता है, जिसमें साहस का अभाव है। दूसरे नेता, जिनके मैं सम्पर्क में आया, पक्के श्रद्धालु आदरणीय कामरेड शचीन्द्र नाथ सान्याल आजकल काकोरी षडयन्त्र केस के सिलसिले में आजीवन कारावास भोग रहे हैं। उनकी पुस्तक 'बन्दी जीवन' ईश्वर की महिमा का जोर-शोर से गान है। उन्होंने उसमें ईश्वर के ऊपर प्रशंसा के पुष्प रहस्यात्मक वेदान्त के कारण बरसाये हैं। 28 जनवरी, 1925 को पूरे भारत में जो 'दि रिवोल्यूशनरी' (क्रान्तिकारी) पर्चा बाँटा गया था, वह उन्हीं के बौद्धिक श्रम का परिणाम है। उसमें सर्वशक्तिमान और उसकी लीला एवं कार्यो की प्रशंसा की गयी है। मेरा ईश्वर के प्रति अविश्वास का भाव क्रान्तिकारी दल में भी प्रस्फुटित नहीं हुआ था। काकोरी के सभी चार शहीदों ने अपने अन्तिम दिन भजन-प्रार्थना में गुजारे थे। राम प्रसाद 'बिस्मिल' एक रूढ़िवादी आर्य समाजी थे। समाजवाद तथा साम्यवाद में अपने वृहद अध्ययन के बावजूद राजेन लाहड़ी उपनिषद एवं गीता के श्लोकों के उच्चारण की अपनी अभिलाषा को दबा न सके। मैंने उन सब मे सिर्फ एक ही व्यक्ति को देखा, जो कभी प्रार्थना नहीं करता था और कहता था, ''दर्शन शास्त्र मनुष्य की दुर्बलता अथवा ज्ञान के सीमित होने के कारण उत्पन्न होता है। वह भी आजीवन निर्वासन की सजा भोग रहा है। परन्तु उसने भी ईश्वर के अस्तित्व को नकारने की कभी हिम्मत नहीं की।

इस समय तक मैं केवल एक रोमान्टिक आदर्शवादी क्रान्तिकारी था। अब तक हम दूसरों का अनुसरण करते थे। अब अपने कन्धों पर जिम्मेदारी उठाने का समय आया था। यह मेरे क्रान्तिकारी जीवन का एक निर्णायक बिन्दु था। 'अध्ययन' की पुकार मेरे मन के गलियारों में गूँज रही थी - विरोधियों द्वारा रखे गये तर्कों का सामना करने योग्य बनने के लिये अध्ययन करो। अपने मत के पक्ष में तर्क देने के लिये सक्षम होने के वास्ते पढ़ो। मैंने पढ़ना शुरू कर दिया। इससे मेरे पुराने विचार व विश्वास अद्भुत रूप से परिष्कृत हुए। रोमांस की जगह गम्भीर विचारों ने ली ली। न और अधिक रहस्यवाद, न ही अन्धविश्वास। यथार्थवाद हमारा आधार बना। मुझे विश्वक्रान्ति के अनेक आदर्शों के बारे में पढ़ने का खूब मौका मिला। मैंने अराजकतावादी नेता बाकुनिन को पढ़ा, कुछ साम्यवाद के पिता मार्क्स को, किन्तु अधिक लेनिन, त्रात्स्की, व अन्य लोगों को पढ़ा, जो अपने देश में सफलतापूर्वक क्रान्ति लाये थे। ये सभी नास्तिक थे। बाद में मुझे निरलम्ब स्वामी की पुस्तक 'सहज ज्ञान' मिली। इसमें रहस्यवादी नास्तिकता थी। 1926 के अन्त तक मुझे इस बात का विश्वास हो गया कि एक सर्वशक्तिमान परम आत्मा की बात, जिसने ब्रह्माण्ड का सृजन, दिग्दर्शन और संचालन किया, एक कोरी बकवास है। मैंने अपने इस अविश्वास को प्रदर्शित किया। मैंने इस विषय पर अपने दोस्तों से बहस की। मैं एक घोषित नास्तिक हो चुका था।

